Rediffusion/Edelman

Edition:	New Delhi	Page No:	6
Circulation:	195179		

डीपीएस के दो छात्रों ने क्विज में दिखाई प्रतिभा

नोएडा। सेक्टर-30 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने 10 दिसंबर को टीसीएस आईटी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्विज जीती। क्विज का आयोजन ताज लैंड्स एंड मुंबई में किया गया। 10वीं के प्रणव धर व 11वीं के छात्र अंश अरोड़ा आईआईटी दिल्ली में जोनल लेवल पर हुई प्रतियोगिता में जीत कर मुंबई में फाइनल के लिए गए। वहां वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बने। वदोदरा, पुंडुचेरी, जमशेदपुर, बंगलूरू, कोच्चि, मुंबई सहित 12 स्कूलों से आए छात्रों के साथ डीपीएस नोएडा के छात्रों ने सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कंपनी टीसीएस की ओर से डेढ़ लाख रुपए के गिफ्ट कूपन, गोल्ड मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कामिनी भसीन ने छात्रों की जीत पर उन्हें बधाई दी। ब्यूरो